तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

13 झेरिया यादव समाज ने राज्यपाल मुख्यमंत्री...

14 नगर में चिल्हर की भारी किल्लत आम लोग...

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

**मनमानी :** कई गांवों के किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

# व्यापारी से नही मिला रबी के धान का भुगतान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों को उसकी उपज का कभी सही दाम नहीं मिलता तो कभी उसे भुगतान के लिए महीनों भटकना पड़ता है। एक ऐसा ही मामला जिले के कोमाखन क्षेत्र के ग्राम बोईरगांव, लोंदामुड़ा, नर्रा, कसेकेरा और अन्य आस-पास के गांवों से सामने आया है, जहां के सैकड़ों किसानों को अपनी फसल बेचने के बाद उसके भुगतान के लिए व्यापारी के यहां चक्कर लगा रहे हैं।



किसानों ने कलेक्टर से मिलकर इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। इन गांवों के किसानों ने बताया है कि रबी फसल में उपजाई। धान की फसल को व्यापारी गिरीश कुमार पाड़े, योगेश कुमार पाड़े, रूपेश कुमार पाड़े निवासी ग्राम बिंद्रावन के पास बेचा। बेचे गये धान की राशि आज तक किसानों को भुगतान नहीं किया गया और व्यापारी आज दूंगा-कल दूंगा बोलकर गुमराह किया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि मेहनत कर रबी सीजन में खेती कर फसल उपजाये थे जिसको व्यापारी के पास बेचे थे, उक्त बेचे गये धान की राशि लगभग दो करोड़ रुपए बकाया है। हम सभी आस-पास के छोटे-छोटे किसान है जो कि कृषि मजदूरी कर अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण करते है अगर हमारी फसल की राशि नहीं मिली तो आर्थिक समस्या उत्पन्न होगी।

किसानों ने रबी सीजन के समय खेती करने के लिए खाद व दवाई कर्ज में लिया। अब अगर फसल की राशि नहीं मिली तो सभी किसान कर्ज में डूब जाएंगे।

### तीन माह बाद भी नहीं किया भुगतान

हेमलाल नायक, बिरेंद्र कुमार, हेमचंद, सीताराम से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी गिरीश कुमार पाड़े, योगेश कुमार पाड़े, रूपेश कुमार पाड़े निवासी ग्राम बिंद्रावन ने ग्राम बोईरगांव, लोंदामुड़ा, नर्रा, कसेकेरा और अन्य आस-पास के गांव से हर रबी सीजन में अनाज की खरीदी करता है। उक्त व्यापारी द्वारा किसानों से रबी सीजन के दौरान गांवों में जा कर खरीदी किया। खरीदी करने के बाद व्यापारी द्वारा किसानों को उनके द्वारा बेची गई उपज का भुगतान पिछले तीन माह बीत जाने के बाद भी नहीं किया गया और किसानों को गुमराह किया जा रहा है।

# शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्टी एवं बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम फिरगी में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सरपंच सहित ग्रामीणों ने मिलकर प्रशासन से गांव में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्टी के सरपंच जानकी ध्रुव एवं कलेक्ट्रेट पंहुचे। ग्रामीणों ने बताया है कि कुछ असमाजिक तत्व के लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री गांव में किया जा रहा हैं ग्रामवासी द्वारा मना करने पर भी नहीं मान रहे हैं, गांव की सभी महिलाएं जब शाम को गस्त लगाते है तब उक्त व्यक्ति द्वारा अशब्द बातें व धमकाने प्रयास किया जा रहा हैं, गांव में अशांति, घर परिवार में लड़ाई झगड़े का माहौल बना रहता है। नयापारा महासमुंद, मछली मार्केट से सोरिद पहुंच मार्ग के बीच में नशेड़ियों का शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक जमावड़ा रहता है। गांव में पढ़ने वाली बच्ची व मजदूरी करने वाले व्यक्ति को रोककर लूटपाट, मारपीट करते है, इन कारणों से पेट्रोलिंग गाड़ी से सप्ताह में 3-4 बार गांव में गस्त एवं शराब बेचने वाले वाले के पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर से की गई है।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बेच रही शराब, कार्रवाई की मांग

ग्राम फिरगी के पंच डंकराम कुर्रे, कमलेश्वर, रामप्रसाद ने बताया है कि गांव के कुश कुमार अजगल्ले पिता मंगलूराम अजगल्ले व उनकी पत्नी कांति अजगल्ले द्वारा दिनदहाड़े महुआ व अवैध शराब की बिक्री किया जा रहा है। हम गांव वाले उनको कई बार मना कर चुके। लेकिन, वे गांव वालों का कहना नहीं मानते हैं और खुले आम अवैध शराब की बिक्री करते हैं। कांति अजगल्ले द्वारा अवैध शराब की बिक्री स्कूटी में होम डिलीवरी कर की जाती है। जबकि वह शासकीय कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। उनके द्वारा भी जोर शोर से भारी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री किया जाता है जिनकी शिकायत पूर्व में चौकी प्रभारी बुंदेली में की जा चुकी है। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है।

## खबर संक्षेप

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को विक्की सोनवानी वार्ड नं 08 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया कि 10 अगस्त की रात्रि करीबन 9.30 बजे वह अपने घर में था, तभी मोहल्ले का गोपाल बघेल गली में गालियां देते हुए उसके घर के सामने खड़ा था। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करते गले को दबाने लगा, जिसे देख कर प्रार्थी की पत्नी हरा सोनवानी, मां कमला सोनवानी एवं वर्षा सोनवानी बीच बचाव करने आए, तब आरोपी गोपाल बघेल ने अपने पास रखे धारदार हथियार से मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घर घुसकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बच्चे के साथ खाना खा रही महिला के साथ नशे की हालत में घर में घुसे व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र के अचानकपारा का है। पुलिस को अंजली बारिक वार्ड नं 09 अचानकपारा बागबाहरा ने बताया 10 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे वह अपने घर में बच्चे के साथ खाना खा रही थी, उसी समय एक व्यक्ति नशे के हालत में उसके घर के दरवाजा को तोड़कर अंदर आ गया। जब उसने पूछा कि कौन हो और कैसे घर अंदर घुस गये हो, तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए बाल को खींच कर हाथ झापड़ से मारपीट किया और घर के सामान कूलर, बाल्टी को गिरा दिया। महिला द्वारा चिल्लाने पर पडोस के रोशन तांडी, भूमिका तांडी बीच बचाव करने आये, जिस पर आरोपी वहां से भाग निकला। तब पड़ोसी रोशन तांडी ने बताया कि उक्त आरोपी गोपाल बघेल पिता श्याम बघेल निवासी वार्ड नं 08 बिरनापारा होना बताया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 332(सी) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में एक की मौत एक घायल

**महासमुंद।** सांकरा के पास मंगलवार को ट्रैक्टर और बाइक में हुई भीषण टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान परसराम साहू (शिक्षक) के रूप में हुई है, जो कछारडीह (झलप) निवासी थे और वर्तमान में रवान स्कूल, बलौदाबाजार में पदस्थ थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक में दो व्यक्ति सवार थे। घटना के बाद घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रसोईया संघ ने रैली निकाल अपने मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रसोईया संघ की चार सूत्रीय मांगों को लेकर को पटवारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के बाद मध्याह्न भोजन रसोईया संघ ने रैली निकाल कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और अपने मांगे पूरी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मध्याह्न भोजन रसोईया महासंघ, महासमुंद ज़िला इकाई ने पहले ही 12 अगस्त को एक दिवसीय धरना, रैली और प्रदर्शन की घोषणा की थी। संघ द्वारा कलेक्टर महासमुंद को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यदि उनकी चार सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो जिलेभर के रसोईया कार्य बहिष्कार करेंगे। संघ नें चुनावी वादे अनुसार 50% मानदेय वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू करनें। पूर्णकालिक रसोईयों को कलेक्टर दर पर मानदेय देने, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बंद होने की स्थिति में रसोईयों से अन्य कार्य न लिए जाने। रसोईयों को ड्रेस कोड लागू कर वार्षिक ड्रेस प्रदान की जाने की मांग प्रशासन से किये है। मालूम हो कि संघ की ओर से यह भी कहा गया है कि यदि समय रहते प्रशासन उचित कार्रवाई नहीं करता है, तो जिले के सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना बाधित हो सकती है।

**कलेक्टर ने तत्काल व्यवस्थित कर स्वतंत्रता दिवस से पहले मांगी रिपोर्ट**

# सेनानियों के शिलालेखों की दयनीय स्थिति से कलेक्टर को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के 146 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नामयुक्त शिलालेख नगर के 3 स्थान पुराना तहसील परिसर, आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उमा शाला और शहर के पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित है। इन शिलालेखों की स्थिति दयनीय हो गई है।

कहीं कचरे का ढेर लगा हुआ है तो कहीं शिलालेख क्षतिग्रस्त हो गया है अथवा नव निर्माण के चलते उपेक्षित है।



इन मुद्दों को लेकर मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांग रखी कि हमारे पूर्वजों का नाम जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने में अपनी तन, मन, धन परिवार को त्याग कर अपना योगदान दिया उनके नाम लिखित इन शिलालेखों को उचित सम्मान प्रदान किया जाए।

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा रखी गई मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने तत्काल इन शिलालेखों को व्यवस्थित करने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के पूर्व रिपोर्ट देने कहा है। कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में नारायण नामदेव, कुबेर प्रकाश गिरी, योगेश लूनिया, शेष नारायण नामदेव शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव स्वच्छता के संग

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त 2025 को जिले के सभी जनपद पंचायतों के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों के समक्ष स्वच्छता के विभिन्न घटकों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध, यूज़र चार्ज कलेक्शन, सूखा कचरा स्वच्छाग्राही दीदियों को सौंपना तथा 15वें वित्त आयोग से नियमानुसार मानदेय प्रदान करने जैसे विषयों पर सभा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी ग्राम पंचायतें 13 अगस्त को यह विशेष ग्राम सभा अनिवार्य रूप से आयोजित करें और इसकी शेड्यूलिंग, एजेंडा तथा अन्य गतिविधियों की एंट्री वाइब्रेंट ग्राम पोर्टल http://vibrant-gram.cgstate.gov.in में समय पर सुनिश्चित करें।

### मंगतीन सोनी का निधन



**महासमुंद।** नगर पालिका के सेवानिवृत कर्मचारी मंगतीन बाई सोनी पति स्व. छबि सोनी उम्र 70 वर्ष वार्ड नंबर 25 सेवा भारती कॉलोनी निवासी का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम भलेसर रोड में किया गया। वे नगर पालिका परिषद महासमुंद (राजस्व विभाग ) के कर्मचारी जयकिशन सोनी की माता थी।

**आरोप : क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति नहीं मिलने पर नाराजगी**

# मुख्यमंत्री का दौरा रहा निराशाजनक कोई भी बड़ी घोषणा नहीं:विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली (ग्रामीण)

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने सरायपाली

■ कहा- विपक्षी विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में प्रदेशभर में किया जा रहा भेदभाव

विधानसभा क्षेत्र के साथ विकास कार्यों के आबंटन में भेदभाव का बड़ा आरोप एक बार फिर से लगाया हैं। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र प्रवास पर कोई भी बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय प्रवास जनता के लिए पूरी तरह निराशाजनक रहा। विकास की एक भी बड़ी घोषणा किए बिना मुख्यमंत्री लौट गए। यह वही पैटर्न है जो प्रदेश में भाजपा सरकार बार-बार दोहरा रही है विपक्षी विधायकों के क्षेत्रों को योजनाबद्ध तरीके से पिछड़ेपन में धकेलना।



विधायक चातुरी नंद ने कहा कि इससे पहले भी उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का भी सरायपाली आगमन हुआ था परंतु क्षेत्र की जनता को खोखले वादों और फोटोशूट के अलावा कुछ नहीं मिला। विधायक नंद ने कहा कि मुख्यमंत्री का काफिला सरसींवा–सरायपाली मार्ग से गुज़रा, जो आज गड्ढों का जाल बन चुका है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस पर आंख मूंद ली। सड़क निर्माण के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया गया है लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति अब तक लंबित है। सरायपाली आगमन पर भी पूर्व में लोक निर्माण विभाग मंत्री को इस सड़क की दुर्दशा पर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उस ज्ञापन को भी कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। इसी तरह अमृत जल जीवन मिशन की स्वीकृति हेतु बार बार ज्ञापन सौंपा गया है परंतु स्वीकृति लंबित रखी गई है जिससे क्षेत्रवासी पीने के पानी के लिए तरस रहे है।

कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार का यह रवैया सरायपाली की जनता के साथ सीधा विश्वासघात है। मुख्यमंत्री आए, देखे, और बिना कोई घोषणा किए चले गए। क्या सरायपाली के लोग छत्तीसगढ़ के नागरिक नहीं हैं? क्या उनका विकास सिर्फ़ इसलिए रोका जाएगा क्योंकि यहां कांग्रेस का विधायक है? भाजपा सरकार की नीतियां यह साबित कर रही हैं कि उनके लिए विकास केवल उनके समर्थकों के लिए है, बाकी जनता उनके लिए अदृश्य है। हम भाजपा की इस उपेक्षा और भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जनता अब जाग चुकी है, और आने वाले चुनाव में इस अन्याय का हिसाब लेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि भाजपा का यह भेदभाव मॉडल' सरायपाली में नहीं चलेगा। अगर तुरंत सड़क मरम्मत, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई से जुड़े लंबित प्रस्तावों को स्वीकृति नहीं दी गई तो कांग्रेस पार्टी सड़क से विधानसभा तक निर्णायक आंदोलन करेगी।

# अवैध कब्जा हटाने की मांग कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खल्लारी

ग्राम खल्लारी के खसरा नंबर 1241 रकबा 0.73 हेक्टेयर से अवैध कब्जा हटवाने संबंधी ज्ञापन खल्लारी के ग्रामवासियों द्वारा मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर को दिया गया। ज्ञात हो कि खसरा नंबर 1241 रकबा 0.73 हेक्टेयर ग्राम पंचायत खल्लारी का शासकीय आबादी भूमि है उक्त भूमि में वार्ड 14,15 एवं 16 के ग्रामवासियों का आवासीय मकान है जिसका वर्तमान में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे भी हो चुका है एवं भू-अधिकार पट्टा अभी शासन द्वारा तैयार किया जा रहा है।

मामला ये है कि खसरा नंबर 1241 रकबा 0.73 हेक्टेयर के एक बड़े क्षेत्रफल पर संजय ट्रेडर्स के संचालक बागबाहरा निवासी दिनेश अग्रवाल पिता सजन कुमार अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से दीवार का घेरा कर कब्जा कर लिया गया है। खल्लारी पंचायत के कुल 16 वार्ड में 4 वार्ड क्रमशः वार्ड 13 से 16 राष्ट्रीय राज्य क्रमांक 353 में स्थित है जहां के निवासीयों के लिए एक भी सामुदायिक भवन उपलब्ध नहीं है एवं विभिन्न प्रकार के तीज, त्यौहार एवं पर्व में किसी भी प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान का अभाव है। बच्चों के खेलकूद के लिए भी पर्याप्त एवं सुरक्षित स्थान की कमी है आंगनबाड़ी भवन भी मुहल्ले से काफी दूर बना है जिससे बच्चे राष्ट्रीय राज्य मार्ग होते हुए आंगनबाड़ी भवन जाने में रूचि नहीं ले रहे एवं दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। खल्लारी के ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जनदर्शन में कलेक्टर को सौंपा है ताकि अवैध कब्जा हटने पर उपरोक्त भूमि पर सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी आदि का निर्माण कराया जा सके एवं विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान सुलभ हो सके। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू को जांच के निर्देश दिये है इस पर ग्रामवासियों को कब तक न्याय मिलेगा ये तो आने वाला वक्त ही बतायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से वार्ड 15 से पंच भुनेश्वर सिन्हा, वार्ड 13 से पंच प्रतिनिधि माखनलाल यादव एवं ग्रामीण मिलेश कुमार सिन्हा, शिवांचल सिन्हा एवं देवेंद्र बेहेरा उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के द्वितीय चरण में तिरंगा यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**महासमुंद।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज सभी स्कूलों और ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" रखी गई है। द्वितीय चरण के अंतिम दिन जिले के सभी स्कूलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण, स्काउट एवं गाइड कैडेट्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों और तिरंगे की शान के गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर साहसिक प्रदर्शन के रूप में गेड़ी में ध्वज बांधकर गेड़ी चालन, डंडा नृत्य, कब बुलबुल बच्चों का प्रदर्शन तथा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों के जोश और उमंग ने कार्यक्रम में देशभक्ति की अद्भुत छटा बिखेरी। ज्ञात हो कि हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में संचालित हो रहा है। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक आयोजित किया गया, जबकि तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक होगा।

# जोनल क्रिकेट में विहान को मिला सिल्वर मेडल



**महासमुंद।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा ईस्ट ज़ोन अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 भुवनेश्वर (ओडिशा ) में आयोजित किया गया। जिसमे 4 राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 200 से अधिक खिलाड़ियों ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया इसमें 2 चरणों में खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसके बाद 4 टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में 14-14 खिलाड़ी चुने गए। जिनके मध्य मैच हुए। मैच में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी महासमुंद के खिलाड़ी विहान लूनिया को इस प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि से रिवरडेल स्कूल की प्रिंसिपल पूजा शर्मा, टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर डॉ.शबाब कुरैशी एवं कोच जमशेद रजा ने उज्जवल भविष्य की शुभेच्छा जताई।

# बामड़ाडीह पंचायत साहूडीपा मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त, ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना



बामड़ाडीह पंचायत के साहूडीपा मार्ग की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। रेमड़ा से नरसिंगपुर तक सड़क पूरी तरह खराब हो गई है, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिनमें बारिश का पानी भरा रहता है। इस कारण स्कूल, हॉस्पिटल और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में बने गड्ढों के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यहां तक कि जनपद सीईओ से लेकर जिला सीईओ तक का दौरा हो चुका है, लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है और चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# भाजपा मंडलों के तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा के अलग-अलग मंडलों में यह यात्रा निकाली जा रही है। मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अलग अलग तीन मंडलों के तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। सर्वप्रथम झलप मंडल, फिर सिरपुर पटेवा मंडल और अंत में महासमुंद शहर मंडल के तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है। आगे कहा कि पूरे देश में घर-घर तिरंगा अभियान चल रहा है। जिले के सभी हिस्सों में रैलियों के माध्यम से देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो कर दिखाया है, उसके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सामने हमारी सेना ने जो साहस दिखाया है, वह उनके शौर्य और पराक्रम को दर्शाता है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, सिरपुर पटेवा मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, महासमुंद शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, सुनिल पटेल, राकेश साहू, कमल कौशिक, वरिष्ठ नेतागण निरंजना शर्मा, मोती साहू, थान सिंह दीवान, माधव राव टांकसाले, ललिता अग्रवाल, सम्मी सलूजा, रमेश साहू, बंटी शर्मा, अमृत चोपड़ा, संदीप घोष, मुन्ना साहू, कौशल्या बंसल, सुधा साहू, नरेश चंद्राकर, मनीष शर्मा, हुलसी चंद्राकर, भाऊराम साहू, देवीचंद राठी, सतपाल सिंह पाली, चंद्रबदन मिश्रा, एम आर विश्वनाथन, रिषभ बाफना, शुभ्रा शर्मा, गोविंद ठाकुर, सोनाधर सोनवानी, पीयूष साहू, भगवती करकसे, राजू साहू, चंद्रशेखर बेलदार, आकाश पांडे, उमेश साहू, जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, भैरव पाल, विकास अग्रवाल, सोहन साहू, अमित साहू, टीकाराम पटेल, मनोहर साहू, प्रीतम गजेंद्र व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर गुडेला भाठा में ममतामयी मिनीमाता को किया गया याद

**महासमुंद।** अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद एवं सतनामी समाज की गुरु माता ममतामयी करुणामयी मां मिनीमाता की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम गुडेला भाठा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रगतिशील छग सतनामी समाज युवा प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने मिनीमाता के जीवन, विचारों और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिनीमाता ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता (छुआछूत) और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। वे सामाजिक कुरीतियों को मिटाने और वंचित वर्गों को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर दिलाने के लिए निरंतर सक्रिय रहीं। तेजराम चौलिक ने कहा, मिनीमाता केवल सतनामी समाज की ही नहीं, बल्कि सभी शोषित वर्गों की आवाज थीं। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा हथियार माना और हर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मिनीमाता ने संसद में रहते हुए छुआछूत उन्मूलन, शिक्षा प्रसार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उन्होंने सामाजिक बंधनों को तोड़कर समानता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर आत्माराम मारकंडे, संतराम जोगी अमर सिंह बंजारे, टिकेश्वर बंजारे, संजय कुर्रे, मनोहर जोगी, प्रमिला बाई, धरमोतीन जोगी, साधनी जोगी, गुंजन बंजारे उपस्थित थे

# मिनीमाता नारी शक्ति की आदर्श है : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज खट्टी परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम तमोरा में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम महिला सांसद की 54 वीं पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष विजय बंजारे के मुख्य अतिथि व सियाराम साहू सरपंच तमोरा के अध्यक्षता व जिला सचिव रेखराज बघेल, मेहत्तर टंडन समाज प्रमुख, मनीराम ध्रुव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, कृष्ण कुमार नारंग अध्यक्ष खट्टी परिक्षेत्र, प्रमोद साहू सरपंच धरमपुर, अनिता मार्कंडेय पंच के विशेष अतिथि में मनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जिस समय महिलाओं को स्वतंत्र रुप से काम करने की आजादी नहीं थी, घूंघट प्रथा प्रचलित रही तब मिनी माता ने असम से छत्तीसगढ़ व गांव से निकल कर लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर दिल्ली के संसद भवन में पहुंच कर अविभाजित मध्यप्रदेश की नारी शक्ति को जागृत किया तथा अस्पृश्यता उन्मूलन कानून व महिलाओं के अधिकार संबंधित कानून बनाने में अहमभूमिका निभाई। सरपंच सेवा राम साहू ने कहा कि मिनी माता समूचे मानव समाज के लिए कार्य किया है



इसलिए छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का नाम मिनी माता के नाम अजीत जोगी के शासनकाल में रखा गया था। रेखराज बघेल ने मिनी माता के जीवन परिचय के साथ उनके सामाजिक संघर्षों पर ऐतिहासिक प्रकाश डालते हुए महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर मीना टंडन पूर्व सरपंच व अनीता मार्कंडेय पंच को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। सतनाम भजन मंडली असतो म सतगमयं के कलाकारों ने गीत संगीत से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण कुमार नारंग ने आभार व्यक्त किया और मंच संचालन खोमन मार्कंडेय ने किया। कार्यक्रम में देव कुमार जोशी सचिव खट्टी अठगंवा, महेश जोशी यूथ ब्लॉक अध्यक्ष, गोविंद बेनर्जी, चोलेश्वर मारकंडेय, मोहन बंजारे, चैतराम मांडले, किरण पटेल, शत्रुहन साहू, मनोज निषाद, डोमन विश्वकर्मा लालाराम, सिया राम, कुलेश्वरी, बुधिया, परमिला, कुंती मार्कंडेय, सांडे, रामानंद, भेखराम, पुरुषोत्तम मारकंडेय, लालाराम घृतलहरे, गोविंद बेनर्जी, मनोज निषाद, डोमन विश्वकर्मा, नोहर, चंदन, गुणनिधि, थनेश घृतलहरे, अभिजीत मार्कंडेय नोहर, हेतराम मांडले तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मवेशियों को सड़क से हटाने की कार्रवाई सतत जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मुख्य मार्ग एवं सड़को पर घूमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं पशुधन एवं जनहानि को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले के सभी राष्ट्रीय राजमार्गो से मवेशियों को सड़क से हटाने की कार्रवाई प्रतिदिन की जा रही है। साथ ही टैग लगे पशुओं की पहचान कर संबंधित पशु मालिकों को पशुओं को सड़क पर खुला न छोड़ने की समझाईश दी जा रही है तथा न मानने पर जुर्माना भी लिया जा रहा है।

जिले में विकासखंड महासमुंद से राशि 1500, बागबाहरा से 10000, पिथौरा से 15000, बसना से 7900 एवं सरायपाली से 6750 रुपए कुल राशि 49150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त सड़क पर घूमने वाले कुल 1923 पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, 810 पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाये गए है तथा 313 घुमंतू पशुओं में टैगिंग की गई है।

इसी कड़ी में छ.ग शासन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिये गौधाम योजना की शुरूआत करने जा रही है। गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशी पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, रोजगार उपलब्ध करना, जनमानस को गौसेवा के लिए प्रेरित करना तथा फसलों के नुकसान एवं सड़क दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है। गौधाम की स्थापना हेतु ऐसे शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी एवं बिजली की सुविधा हो, में गौधाम की स्थापना की जाएगी, जैसे स्थापित गौठान जहां पूर्व से अधोसंरचना विकसित है।

गौधाम में उपलब्धता अनुसार गौठान से संलग्न चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किए जाएंगे जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होगे। प्रथम चरण में जिले के मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे गौठानों को चयनित कर गौधाम स्थापित किये जाएंगे। जिसका संचालन निकटस्थ/आस-पास की पंजीकृत गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, ट्रस्ट तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी सहकारी समिति द्वारा, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड द्वारा किया जा सकेगा। गौधाम संचालन हेतु इच्छुक आवेदक/संस्था कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं।

# मेगा टिंकरिंग डे का आयोजन, उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के निर्देशानुसार 12 अगस्त को जिले में मेगा टिंकरिंग डे 2025 का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मेगा टिंकरिंग डे के तहत देशभर के 9467 स्कूलों के 473358 छात्र एक साथ ऑनलाइन जूम प्लेटफॉर्म से जुड़े। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा टिंकरिंग आयोजन है, जिसमें 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 722 जिलों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक सतीश नायर, बीईओ लीलाधर सिन्हा, प्राचार्य जीआर सिन्हा, प्राचार्य सेजस एचके आचार्य, प्रधान पाठक जीआर. साहू की गरिमामयी उपस्थिति में जिले के एटीएल विद्यालय, शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। मेगा टिंकरिंग गतिविधि में 8 टीमों को 5 समूहों में विभाजित कर कुल 40 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट नवाचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्या-समाधान कौशल का विकास और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है।

मेगा टिंकरिंग डे के अवसर पर घरेलू सामग्री का उपयोग कर एक सरल एवं उपयोगी वैक्यूम क्लीनर तैयार किया। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों ने वायु दाब, सक्शन तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में प्रदर्शित किया। प्लास्टिक बोतल, डीसी मोटर, प्रोपेलर, फिल्टर व बैटरी जैसी साधारण सामग्रियों से निर्मित यह यंत्र धूल एवं छोटे कणों को आसानी से सफाई करने में सक्षम है। इस नवाचार ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी कौशल एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को दर्शाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं बीईओ लीलाधर सिन्हा ने बच्चों के टिंकरिंग कार्य में गहरी रुचि प्रदर्शित करते हुए उनके प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उत्साहवर्धन किया। साथ ही, सहायक संचालक सतीश नायर ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए डिज़ाइन को और बेहतर बनाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन एटीएल प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश द्वारा किया गया. व्याख्याता तोषण गिरी गोस्वामी एवं विज्ञान शिक्षिका आबिदा ख़ान का सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एटीएल वॉलंटियर्स युवराज देवांगन भूतपूर्व एटीएल छात्र, डिगेश सेन कक्षा 11वीं, दुर्गेश साहू कक्षा 11वी तथा धुर्वांक नासरे का विशेष योगदान रहा। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान तथा सदस्यगण नीलम दीवान, अनुज पांडे, सुनीता देवांगन, महेश मक्कड़ और रितेश गोलछा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश प्रभारी व पीसीसी चीफ से मिले नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ तथा पीसीसी चीफ दीपक बैज से सौजन्य भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान साहू ने महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों तथा जनहित के लिए किए जा रहे प्रयासों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### तिरंगा एवं स्वच्छता दौड़ 14 को मिनी स्टेडियम महासमुंद में

**महासमुंद।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़, तिरंगा दौड़ एवं स्वच्छता दौड़ का आयोजन स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। तिरंगा दौड़ मिनी स्टेडियम से शुरू होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सातबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होकर वापस मिनी स्टेडियम महासमुंद में समापन होना है। स्वतंत्रता, तिरंगा दौड़, स्वच्छता दौड़ में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, समाजिक संस्थाएं, मेरा युवा भारत, भारत स्काउट एंड गाइड, एनएसएस, रेड क्रॉस, खेल संघ व खिलाड़ी, महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र व छात्राएं शामिल होंगे। खेल अधिकारी ने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील किया है।

### टेकराम साहू का निधन



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 27 कौशिक कॉलोनी निवासी टेकराम साहू का आकस्मिक निधन 7:30 बजे हो गया। वे पिटियाझर धान सोसाइटी के कर्मचारी थे। भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गई। वे अमित और ऋषभ के पिता थे।

## बैठक : कलेक्टर ने टीएल मीटिंग में अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश

# स्वतंत्रता दिवस एवं रजत जयंती की तैयारी के संबंध में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- आवारा पशुओं के रोकथाम के सतत निगरानी के निर्देश, अब तक 49 हजार की पेनाल्टी वसूली गई

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में लंगेह ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-सीमा में डेटा अपलोड करने, तथा ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए गढ़फुलझर में प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बहुद्देशीय केंद्रों की प्रगति की जानकारी भी ली गई। कृषि विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 83 हजार टन खाद में से 68 हजार टन खाद का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां अवैध खाद का भंडारण किया जा रहा है।

कलेक्टर ने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाए। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग के उप संचालक ने बताया कि अब तक पिथौरा में 15000 रुपए, बागबाहरा में 10000, महासमुंद में 9500, बसना में 7900 एवं सरायपाली में 6750 रुपए की पेनाल्टी वसूली गई है। इस तरह कुल 49 हजार 150 रुपए का पेनाल्टी वसूल किया गया है। अब तक 1923 पशुओं को विस्थापित किया गया है। कलेक्टर ने सभी आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह टेगिंग लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारियों को इस पर निजी रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की और सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-सीमा में जानकारी भेजने के निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण, एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम की प्रगति की भी समीक्षा की गई।




### तिरंगा यात्रा की समीक्षा की गई, समन्वय के साथ कार्य करने कहा

कलेक्टर लंगेह ने तिरंगा यात्रा की तैयारी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों का राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और सम्मान की भावना जागृत करने समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अभियान के अंतिम चरण में तिरंगा यात्रा मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस अभियान में स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूह और आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भी आजादी का महोत्सव मना सकते हैं। साथ ही कलेक्टर ने इस वर्ष मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे रजत जयंती थीम के अनुरूप एवं गरिमापूर्ण आयोजन करने और पूर्व वर्षों की भांति अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिनी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का 13 तारीख को अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। जिसके लिए सुबह 8 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिले के सभी 129 अमृत सरोवरों में पेड़ लगाने एवं झंडा फहराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान एग्रीस्टेक एप में किसान पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।



### ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी की कलाइयों में बांधी राखी

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाई स्कूल रोहिना में शाला परिवार द्वारा रक्षाबंधन का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की सभी बहनों ने सभी भैया की कलाइयों में राखी बांध कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी भैया ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर उन्हें अपना आशीष प्रदान किया। विद्यालय के शाला नायक खुशबू यादव ने हेलीपैड ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक राधाचरण प्रधान को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बहनों की सुरक्षा के लिए वचन मांगी। लीला पटेल ने शिक्षकों को राखी बांध कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



### वाटर पोलो में भूथिया स्कूल के 4 का चयन

**सरायपाली।** शासकीय उमावि के 4 बच्चों का चयन वाटर पोलो में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय वाटर पोलो प्रतियोगिता के लिए करन भोई, जितेश काण, अर्जुन धराई एवं रोशन बरिहा का चयन हुआ है। स्कूल के विद्यार्थियों के चयन पर प्राचार्य विक्रम यादव, व्याख्याता मधुमंगल प्रधान, सत्यनारायण पटेल, डिग्रीलाल प्रधान, सीमा सेठ, पुष्पा चौधरी, चूड़ामणि चौधरी, सचिन स्वाईं, सुधीर मांझी, आकाश बघेल, बनिता आचार्य, अंजलि नायक, सरपंच गोकुल भोई, अध्यक्ष तरुण भोई एवं अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी स्कूल के व्यायाम शिक्षक शिव पटेल ने दी है।



### ब्रम्हाकुमारी विवि में मनाया गया रक्षाबंधन

**महासमुंद।** एकल विद्यालय संच कोमाखान व प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय के बहनो व भाइयो ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया। कार्यक्रम प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी भवन कोमाखान में संपन हुआ इस अवसर पर एकल अभियान संच कोमाखान के अध्यक्ष आशीष राव वाकडे, सचिव कैलाश जैन, संच प्रमुख कोमाखान - मदन लाल साहू, डोमेश्वरी बीके, फुलेश्वरी बीके, डालेश्वरी सोनवानी तथा सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

### विषय चयन के लिए तारीख तय

**महासमुंद।** स्नातक तृतीय सेमेस्टर समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं हेतु 14 अगस्त का विषय चयन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक समस्त संकाय के तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त कैरिकुलम (सिलेबस) के अनुसार विषयों का चयन किया जाना है। इस संबंध में प्राचार्य करूणा दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के बैठक में आज दिनांक 12 अगस्त को संकायवार स्नातक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु विषय चयन हेतु दिनांक 14 अगस्त को समय 11 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित करने हेतु सहमति दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के संयोजक डॉ. ई.पी. चेलक बताया कि विषयों के चयन हेतु कला संकाय सभागार भवन, विज्ञान संकाय (बॉयो समूह) कक्ष क्रमांक 01, विज्ञान संकाय (गणित समूह) कक्ष क्रमांक 05, वाणिज्य संकाय कक्ष क्रमांक 10, कंप्यूटर संकाय कक्ष क्रमांक 06 में आयोजित है।

# जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में आज 52 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा।

जन चौपाल में शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनी, विकासखंड पिथौरा में पदस्थ शिक्षक के विरुद्ध ग़लत आचरण एवं शराब पीकर शाला आने के संबंध में ग्रामवासियों ने आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम कोलदा बागबाहरा निवासी बृजबिहारी साहू द्वारा कृषि उपज की लंबित बोनस राशि दिलाने हेतु आवेदन किया, रानी बानो कोमाख़ान ने नर्सिंग की पढ़ाई की फीस माफ़ी हेतु आवेदन, टेकराम ध्रुव बिलाईदादर द्वारा जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, अलेख राम नायक द्वारा शासकीय भूमि अतिक्रमण हेतु आवेदन, रामलाल सिन्हा द्वारा केसीसी लोन के संबंध में आवेदन, ग्राम नर्रा कोमाख़ान सरपंच द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग कर आहाता निर्माण के संबंध में आवेदन, ग्राम फिरगी बागबाहरा के ग्रामवासियों ने अवैध शराब की बिक्री के संबंध में आवेदन किए। कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

### क्रिप्टो-जमीन में निवेश का झांसा, एक करोड़ की ठगी

**रायपुर।** भिलाई के एक व्यक्ति तथा अन्य ने दो लोगों के खिलाफ क्रिप्टो करेंसी एवं जमीन में रकम निवेश करने पर दोगुना मुनाफा मिलने का झांसा देकर एक करोड़ रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भागीरथी यादव ने अभिलाष मसीह, अभिषेक प्रवीण जोसेफ के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि दोनों व्यक्ति शेयर ट्रेडिंग के साथ जमीन का कारोबार करते हैं। संपर्क करने पर उन लोगों ने भागीरथी तथा अन्य को अपने झांसे में लेकर जमीन दिखाकर सौदा कर रकम ले ली।

# गायत्री चेतना केंद्र में विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



गायत्री परिवार द्वारा गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेमचा, मुढ़ेना, तुमगांव, अछोला, सरेकेल, झलप, सिरपुर आदि इकाइयों से कुल 65 परिजनों ने सक्रिय भागीदारी की।

बैठक में प्रमुख रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें 40 दिवसीय सामूहिक जप साधना के तहत 11 जुलाई से 19 अगस्त तक गायत्री चेतना केंद्र में अनुष्ठान जारी है। इसकी पूर्णाहुति 19 अगस्त को यज्ञ के माध्यम से की जाएगी, जिसमें 10 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठाः शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन प्रस्तावित है। इसके लिए मांग पत्र भेजा जा चुका है। वहीं शताब्दी वर्ष की तैयारी के तहत गुरु माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी व अखंड दीप की शताब्दी वर्ष 2026 हेतु व्यापक जनजागरण और 7 युग निर्माण आंदोलनों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। चेतना केंद्र हेतु अंशदान के लिए 17 सदस्यों ने कुल 8000 रुपए मासिक अंशदान देने की घोषणा की। कई परिजनों ने फर्नीचर, राशन, दैनिक उपयोगी सामग्री एवं गुप्तदान के माध्यम से सहयोग किया। डॉ. शेषनारायण गुप्ता द्वारा 40 दिन का राशन प्रदान किया गया। विशेष आयोजन के तहत श्रावणी पूर्णिमा पर हिमाद्रि 10 स्नान कराया गया। अनुष्ठान काल में विविध संस्कार निःशुल्क संपन्न किए जा रहे हैं। आज के भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 के अंतर्गत आगामी 13 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा हेतु विकासखंड के 500 संस्थानों में प्रचार-प्रसार का कार्य प्रारंभ किया गया। प्रज्ञा पाक्षिक वितरण अभियान के लिए महासमुंद जिले के सभी 5 विकासखंडों में 100-100 पत्रिकाएं वितरित करने का निर्णय लिया गया। वहीं युवाओं की भागीदारी के अंतर्गत 11 रचनात्मक अभियानों हेतु 25 युवाओं के नाम शांतिकुंज को भेजे गए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञा गीतों से हुई, जिसमें महिला मंडल की बहनों ने भाग लिया। एम. एल. साहू (उपजोन समन्वयक, रायपुर) ने माता जी की जन्मशताब्दी पर विस्तृत प्रकाश डाला। हीरालाल साहू (जिला संगठन प्रभारी) एवं अन्य वक्ताओं ने संगठित प्रयास, साधना व अंशदान के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में बीएन गुप्ता (सेवानिवृत्त प्राचार्य) ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी परिजनों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया।

# झेरिया यादव समाज ने राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव, भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ के नेतृत्व गठित केंद्रीय समिति के आव्हान पर रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्रीय अनूसूची में पिछड़ा वर्ग अनूसूची कैटेगरी में शामिल करने तथा पिछड़े वर्ग के आरक्षण लाभ के संबंध में सभी जिलों में प्रदेश व्यापी आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा जा रहा है इसी कड़ी में राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ, जिला अध्यक्ष महासमुंद प्रीतम यादव एवं मनोज यादव जिला महासचिव, सोहन लाल यादव अध्यक्ष महासमुंद, लीलाधर यादव अध्यक्ष भोरिंग, चरन यादव अध्यक्ष खल्लारी, चेक लाल यादव अध्यक्ष बार राहुल यादव जिला युवा प्रभारी, सारिका यादव जिला महिला प्रभारी के नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर को महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का मांग किए। आज के कार्यक्रम में राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ, जिला व परिक्षेत्र पदाधिकारी प्रीतम यादव जिला अध्यक्ष, सोहन यादव महासमुंद परिक्षेत्र अध्यक्ष, लीलाधर यादव भोरिंग परिक्षेत्र अध्यक्ष, चेकलाल यादव बार परिक्षेत्र अध्यक्ष चरण यादव खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष, मनोज यादव महासचिव, राहुल यादव युवा प्रकोष्ठ प्रभारी, लाला राम यादव, गोवर्धन यादव, धनेश यादव, लोकेश यादव, पुष्कर यादव, पूरन यादव, जनक यादव, गौत्तम यादव, नंद लाल यादव मिला राम यादव खेमराज यादव, वहीं महिलां में सारिका यादव महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, सीता यादव जिला सह प्रभारी, प्रतिभा यादव जिला सह प्रभारी, उपासना यादव, कुमारी यादव, लक्ष्मी यादव, प्रतिमा यादव, आशा यादव, चंपा यादव सरस्वती यादव, भुनेश्वरी, प्रभा यादव, लक्ष्मी रानी यादव आदि बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त को जन जागरूकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। वर्ष 2020 से प्रारंभ यह अभियान इस वर्ष अपने पांच वर्ष पूर्ण कर रहा है। गत पांच वर्षों में यह अभियान देश के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से युवा वर्ग, स्वयंसेवी संगठन, शिक्षण संस्थान, समुदाय और जनसामान्य को जोड़ते हुए एक सशक्त जन आंदोलन के रूप में उभरा है। इसी कड़ी में 13 अगस्त 2025 को प्रातः 10.30 बजे जिला कार्यालय परिसर, कलेक्ट्रेट महासमुंद में नशामुक्ति के पक्ष में जनजागरूकता विकसित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान नशामुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा तथा उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही, **http://pledge.mygov.in/nasha-mukti-sankalp** वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शपथ भी ली जाएगी। कार्यक्रम में जिला कार्यालय स्तर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में सहभागिता कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की है।

# छत्तीसगढ़ की चेतना विकास मूल्य शिक्षा को आत्मसात करेगा गुजरात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ शासन द्वारा संचालित चेतना विकास मूल्य शिक्षा व जीवन विद्या का प्रभाव, प्रमाण व अनुप्रयोगों को साझा करने छत्तीसगढ़ के कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया, राखी गेंदलाल कोकडिया व बेटे रागेश्वर के साथ गुजरात जायेंगे। ज्ञात हो कोकडी सरकारी स्कूल में पढ़ाये जा रहे चेतना विकास मूल्य शिक्षा और जीवन विद्या का शैक्षिक भ्रमण देश-विदेश के स्कूलों, शिक्षाविदों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषदों ने किया है, व शैक्षिक अनुप्रयोगों, नवाचार, गतिविधियों, क्रियाकलापों, का क्रियान्वयन व अनुकरण, अनुसरण भी निरंतर जारी है, कोकड़ी सरकारी स्कूल शिक्षा के मानवीयकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय मनोवैज्ञानिकों की भी पहली पसंद रही है, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, की राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषदों ने भी कोकड़ी सरकारी स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया है, इस बार कोकड़ी सरकारी स्कूल गुजरात के विसनगर में डायमंड फैक्ट्री व अहमदाबाद में पारस कलारिया भाई के नेतृत्व में संचालित जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा के अनुप्रयोगों को देखने और वहां के शिक्षकों से संवाद करने उनके आमंत्रण पर नवदीप स्कूल जायेंगे।





## खबर संक्षेप



### शहीद जवानों को मुकेश ने किया नमन


**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में शहीद स्मारक अमर वीर शहीदों के नाम से बनाया गया संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया शहीद स्मारक खरोरा के चार साल 26 जुलाई को पूरा हो गया है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों के आहुति देने वाले अमर वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन किया। कहा कि राष्ट्र की सीमाओं पर देश की सुरक्षा करने वाले हमारे बहादुर जवानों पर हम सब देशवासियों को गर्व है। भारतीय सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा एवं बलिदान के लिए समर्पित भाव से सदैव तत्पर रहता है। सैनिकों का यह जज्बा हर भारतवासी को गौरवान्वित है।

### बरबसपुर बी और सी में एक-एक आवेदन प्राप्त होने पर फिर नीलामी होगी

**महासमुंद।** ग्राम बरबसपुर में शासकीय एवं निजी भूमि में अवैध रूप से भंडारित रेत को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया था। उक्त जब्त रेत की नीलामी के लिए आमंत्रित निविदा प्रक्रिया में बरबसपुर-बी और बरबसपुर-सी ब्लॉकों के लिए केवल एक-एक आवेदन प्राप्त होने पर, निविदा शर्तों के कंडिका क्रमांक 6.5 के अनुसार 2 दिवस की अतिरिक्त समयावधि प्रदान की गई है।

### अग्रवाल नर्सिंग होम में निशुल्क नेत्र रोग जांच

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम



बसना में 13 अगस्त 2025 को निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. देवेश अग्रवाल, अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं मोतियाबिंद के विशेषज्ञ सर्जन द्वारा नेत्र रोगों की जांच एवं परामर्श किया जाएगा। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श, मोतियाबिंद एवं आंखों से जुड़ी सभी प्रकार की बीमारियों की जांच एवं परामर्श, ऑपरेशन में चिन्हित मरीजों के लिए न्यूनतम दरों में ऑपरेशन की सुविधा होगी। यह आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।

**समस्या :** सिक्कों की कमी के चलते व्यापार हो रहा प्रभावित, बैंक भी खामोश

# नगर में चिल्हर की भारी किल्लत आम लोग व व्यापारी वर्ग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों फिर चिल्हर

- **10 रुपए के नोट की गुणवत्ता बेहद खराब, कुछ दिनों में ही हो रहे गंदे**



सिक्कों व नोट की समस्या उत्पन्न हो गई है। छोटे से लेकर बड़े व्यापारी तक सिक्कों की कमी से परेशान है। सिक्कों की कमी के चलते व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में व्यापारी संस्था कैट द्वारा भी चिल्हर उपलब्ध कराने पत्र लिखा गया था तो वहीं संगम सेवा समिति द्वारा भी व्यापारियों को सिक्के उपलब्ध कराती थी किंतु इज़के बावजूद कोई अपेक्षाकृत समस्या के समाधान नहीं हो सका व्यापारी व आम जनता अब पूछ रही है कि आखिर सिक्का जा कहा रहा है। एक समय था जब बाजार में 1, 2, 5, 10 व 20 रुपये के इतने सिक्के आ गए थे कि आम उपभोक्ता, व्यापारियों के साथ साथ बैंक वाले भी खासे परेशान हो गए थे। इन चिल्हरों के कारण नहीं लेने देने की वजह से आए दिनों विवाद भी होता रहा है। आखिर इन सिक्कों को रखें कहां व दें किसको यह बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई थी। तत्कालिक तौर पर इन सिक्कों के लेनदेन व विवाद से बचने कुछ लोगों ने कुछ सिक्कों को खासकर 10 रुपये के सिक्के को नकली बताकर लेने से इनकार करते थे इसका परिणाम यह हुआ कि 10 रुपये का सिक्का चलन से बाहर हो गया।

सरकार द्वारा 10 रुपये के नोटो के कागज की गुणवत्ता इतनी खराब है कि कुछ ही दिनों के लेनदेन के बाद यह नोट फटने व गंदे होने लग जाते है जिसकी वजह से इस नोट को दुकानदार व ग्राहक लेना नहीं चाहते। आज स्थिति ठीक उल्टी हो गई है। सिक्के खोजने से नहीं मिल रहा है। पहले बैंक वाले सिक्के बांटा करते थे, लेकिन कोई लेने को तैयार नंही था आज लोग व व्यापारीगण चिल्हर लेने बैंकों का चक्कर मार रहे हैं किंतु चिल्हर मिलने की कही कोई संभावना दिखाई नहीं दे रहे हैं। कुछ बैंकों से चिल्हर के संबंध में जानकारी ली गई पर सभी बैंकों ने ऊपर से ही चिल्हर नहीं आने की बात कही। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार आम उपभोक्ताओं, व्यापरियों, दुकानदारों व छोटे-छोटे व्यवसायियों को चिल्हर की कमी के चलते व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। इस समस्या से निपटने व चिल्हर की किल्लत को दूर किये जाने हेतु अब व्यापारी संघ भी सामने आ गया है। इस समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई के साथ छत्तीसगढ़ कॉफिडेरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स नगर इकाई के अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया था। चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए रिजर्व बैंक को भी पत्र लिखा गया था।

### बैंक जल्द करे सिक्कों की आपूर्ति : राजेश



सरायपाली के व्यापारी प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल का कहना है की यहां चिल्लर की बहुत ज्यादा समस्या है पांच का सिक्का बाजार से गायब हो चुका है हर रोज ग्राहकों के सामने चिल्हर की समस्या आ रही है। इन्होंने यह भी मांग की है की सभी बैंकों को सिक्कों की आपूर्ति सरायपाली में जल्द से जल्द की जाए अगर बैंकों के पास बांटने की समस्या है तो किराना व्यापारी संघ स्वयं ही बाजार में सिकों का वितरण कर देगा बस बैंकों को सिक्कों को उपलब्ध कराना पड़ेगा यह है कि व्यापारी अपने दुकानों के सामने इस मिथक को तोड़ने के लिए सूचना टांग रहे हैं कि 5, 10 और 20 के सिक्के लिए जा रहे हैं। सिक्कों या नोट की कमी क्यों हो रही है यह सभी के लिए सोचने का और प्रशासन के लिए बैंकों के लिए चिंतन का विषय है। चिंता व खोज का विषय यह भी है कि आखिर कुछ माह पहले ही चिल्हर के अत्यधिक आवक से सभी परेशान थे तो वही आज ठीक उल्टी स्थिति निर्मित है।

## दुर्गा हायर सेकेंडरी स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर में मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत जीपी, पटेल प्राचार्य के मार्गदर्शन व आरके पटेल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना, देश के प्रति सम्मान, सैनिकों के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण करना है। इस अवसर पर मदनलाल चौरसिया सरपंच ग्राम पंचायत लंबर जीएस तोमर अध्यक्ष दुर्गा शिक्षण सेवा समिति लम्बर, राकेश चावला, सत्तार अली, जेके, जायसवाल, बीएल साहू, एमडी मानिकपुरी, एलके साहू, सी आर जायसवाल, एलके सिदार टीआर जायसवाल, एफएस बरिहा, खिरोद्र सिदार एवं छात्र/छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर गांव में भ्रमण किया। तिरंगा रैली में सृष्टि राणा शाला नायक, रश्मि साहू, वंदना साहू विद्या साहू, तन्नू पटेल, दीपा जायसवाल, विक्की पटेल एनएसएस दल नायक भारती साहू, रोशनी साहू, नीता पटेल, चैतन्या साहू, मीनाक्षी साहू, प्रशांत साहू, चंद्रशेखर साहू, पवन बरिहा, कृष्ण कुमार पटेल, हेमकुमार सिदार आदि छात्रसंघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा बागबाहरा शहर मंडल में 'मोर तिरंगा मोर अभियान' के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



भारतीय जनता पार्टी के बागबाहरा शहर मंडल ने सोमवार को 'मोर तिरंगा मोर अभियान' के तहत एक विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन के आह्वान तथा जिला संगठन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना था। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के प्रति सम्मान, सैनिकों के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना था। इस अवसर पर, भाजपा कार्यकर्ताओं और छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पूरे शहर मां भ्रमण किया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे गूंजते रहे, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति का संचार हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से, लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का एहसास कराने का प्रयास किया गया। भाजपा बागबाहरा शहर मंडल ने इस तरह के आयोजनों को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बताया। विदित हो कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भाजपा पार्टी एवं सरकार के द्वारा लोगों में देशभक्ति की अलख जगाने के लिए देशभर में जगह जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव, अल्का चंद्राकर, प्रेम साहू, ललिता अग्रवाल दुबेलाल साहू, नरेश चंद्राकर, आबिद खान जसराज बाला चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, भीखम ठाकुर, चंद्रशेखर ध्रुव हरमीत बग्गा, अतुल गंडेचा पीपलेश्वर पटेल, काजल साहू, तुकाराम चंद्राकर, अरविंद छाबड़ा, राहुल अग्रवाल, नानू सलूजा, अशोक दीप, सविता दीवान, श्यामा लोकु चंद्राकर, थानूराम पांडे, धनराज साहू, तुलसी यादव, मोती पुजारा, महेंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर चंद्राकर, मदनलाल देवांगन, कल्लू भोजनाथ देवांगन, लोकू चंद्राकर, रूपेश साहू, नितेश पांडे, राजा देवांगन, दिनेश विशाल, सिकंदर सोनवानी, कार्यक्रम संयोजक संजय मालवे, सहसंयोजक राधेलाल साहू के साथ ही मंडल के ऊर्जावान, देशप्रेमी कार्यकर्तागण, गणमान्य नागरिक, विद्यालयीन छात्रा - छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

## अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए श्रद्धालु




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ सरकार की तीर्थ दर्शन योजना के तहत क्षेत्र के श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीरामचंद्र की जन्मस्थली अयोध्या धाम दर्शन हेतु रवाना किया गया। भाजपा नेत्री सरला कोसरिया ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए शुभकामनाओं के साथ विदा किया। अयोध्या धाम, सरयू नदी के तट पर बसा हुआ, प्राचीन कोसल राज्य की राजधानी रहा है और हिंदू आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इस यात्रा का उद्देश्य धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर से लोगों को जोड़ना है। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसके तहत प्रदेश के श्रद्धालुओं को विभिन्न पावन स्थलों का दर्शन कराया जा रहा है।



### लखनपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**झलप।** समीपस्थ ग्राम पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 1 में आज सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य जनपद सदस्य मद से कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू एवं सरपंच खेमिन चोवा राम ध्रुव ने संयुक्त रूप से किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपसरपंच कमल कौशिक, वार्ड पंच देवकी भुखु जोशी, कांति साहू, रोशन, नरेंद्र कौशिक, दशरथ धीवर, मुरली साहू, डोंगर सिंह साहू, भूपेंद्र साहू, आकाश मिश्रा, महावीर साहू, लोचन साहू, प्रेम यादव सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में कीचड़ व जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। सरपंच खेमिन चोवा राम ध्रुव ने भी सभी ग्रामवासियों से विकास कार्यों में सहयोग देने की अपील की। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए जनपद सदस्य व पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## बिरकोनी में गाजे बाजे के साथ पार्थिव शिवलिंग की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर

- **श्रद्धालुओं ने सुनी द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा**

में पार्थिव शिवलिंग 11 जुलाई से प्रारंभ की गई थी जो 10 अगस्त को समापन सम्पन्न हुआ। तीस दिवसीय पार्थिव शिवलिंग कथा शाम 5 बजे से रात 8 बजे प्रारंभ की जाती थी।

आखिरी दिन कथावाचक आचार्य पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने पार्थिव शिवलिंग अभिषेक व जाप के बाद द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव, जो स्वयं में महाकाल हैं, जिनका काल भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता, शिवलिंग अभिषेक व दर्शन मात्र से मोक्ष प्राप्ति होती है। वह त्रिकालदर्शी हैं, भूत, भविष्य और वर्तमान के ज्ञाता हैं। पृथ्वी पर वह ज्योतिर्लिंग स्वरूप में विद्यमान हैं। धार्मिक क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर उनके 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं, जिनके दर्शनों से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, दुख दूर होते हैं, धन-संपदा, वैभव, प्रसिद्धि की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति प्रतिदिन इन 12 ज्योतिर्लिंगों के नाम जपता है, वह सभी कष्टों से मुक्त हो जाता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। मनोकामना की पूर्ति के लिए इन ज्योतिर्लिंगों के नामों का जाप किया जाता।





शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव लोक कल्याण के लिए लिंग के रूप में वास हैं और भगवान शिव के बारह विग्रहों को द्वादश ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। सर्वप्रथम सोमनाथ का स्मरण है। ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवाँछित फल देते हैं। रात्रि 9 बजे कथा समाप्ति के बाद हवन के साथ पूर्णाहुति हुई। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। इस दरमियान प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती रही। रविवार को गाजें बाजे के साथ ग्राम भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई। जगह जगह स्वागत द्वार बनाकर श्रदालुओं ने पूजा आरती की। भक्तिमय गीतों से ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोलबम का जाप गूंजायमान रहा। भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन सेवा धर्म समिति के सदस्य सहित श्रद्धालु की उपस्थिति रही।




## तीज मिलन: छत्तीसगढ़ी संस्कृति बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



छत्तीसगढ़ी संस्कृति और पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के उद्देश्य से पिथौरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 की महिलाओं ने मिलकर तीज मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। वार्ड की सक्रिय पार्षद श्रीमती हेमलता सागर निषाद के नेतृत्व और महिलाओं के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विलुप्त होते पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी, कबड्डी, रस्साकसी, गोटा और कुर्सी दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फुगड़ी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्रतिभा निषाद और दूसरा स्थान संतोषी निषाद ने हासिल किया। कुर्सी दौड़ में पहला स्थान इंदु निषाद और दूसरा स्थान वत्सला सिन्हा को मिला, जबकि गोटा खेल में पहला स्थान सुखिया बाई सिन्हा और दूसरा स्थान प्रतिभा निषाद ने प्राप्त किया, जिन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं में 82% अंक प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा दुर्गा निषाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

पार्षद हेमलता सागर निषाद ने कहा,ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को बचाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को विलुप्त होते खेलों से परिचित कराते हैं। यह हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद भारती सिन्हा, इंदु निषाद, संतोषी ठाकुर, वत्सला सिन्हा, श्रुति सिन्हा, देविका सिन्हा, रूपा सिन्हा, दिव्या सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

